# स्नेह

# शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान

## ANNUAL REPORT 2022-23

स्नेह

मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय








67 वॉ म.प्र. राज्य स्थापना दिवस







| संस्था की संक्षिप्त जानकारी | |
|---|---|
| **संस्था का नाम** | स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान |
| **संस्था का पूर्ण पता** | कीर्ति क्रांति प्रेस के पीछे गली नं.– 02, लखौरी बाग रीवा(म.प्र.) |
| **टेलीफोन नं.** | 07662–221644 |
| **वेब साइट** | www.snehspecialschool.in |
| **ई–मेल** | senhshikshan@gmail.com |
| **रजिस्ट्रेशन नं.–** | री.सं. 5026 |
| **निशक्त व्यक्ति अधिनियम रजिस्ट्रेशन** | 281 |

# Lug en cf) ,oa ed cf/kj fo|ky;

यह विद्यालय स्नेह शिक्षण एवं मानव संस्थान द्वारा संचालित है रीवा जिले में अशासकीय विशेष विद्यालय है। यह विद्यालय सन् 2000 से संचालित है। संस्था का रजिस्ट्रेशन म.प्र. सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 के अधीन 24 फरवरी 2003 में कराया गया । इस विद्यालय में श्रवण बाधित एवं मंद बुद्धि बच्चों को शिक्षण – प्रशिक्षण विशेष शिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाता है। यह विद्यालय केयर ग्रुप, प्री–प्रायमरी, प्रायमरी, सेकंडरी, प्री वोकेशनल, वोकेशनल(व्यावसायिक) प्रशिक्षण के साथ ही कक्षा नर्सरी से 8वी तक संचालित है। विद्यालय में वर्तमान सत्र में 84 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत है।

# शिक्षण–प्रशिक्षण

इस विद्यालय में शिक्षण का कार्य शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम प्रदान किया जाता है। केयर ग्रुप, प्री–प्रायमरी, प्रायमरी, सेकंडरी, प्री–वोकेशनल, वोकेशनल(व्यावसायिक) प्रशिक्षण के साथ नर्सरी, के.जी.1, के.जी.2, पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पांचवी, छठवी, सातवी, आठवी तक की कक्षाये संचालित है। मंद बुद्धि बच्चों को शिक्षण–प्रशिक्षण के लिए पहले उनका आई.क्यू. टेस्ट करने के बाद ही उन्हें शिक्षण–प्रशिक्षण दिया जाता है। श्रवण बाधित बच्चों को शिक्षण–प्रशिक्षण शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार दिया जाता है।

इस संस्था में साथ–साथ बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है एवं दैनिक जीवन के क्रियाकलापों का प्रशिक्षण बच्चों एवं बच्चों के अभिभावको को भी दिया जाता है। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत संस्था बच्चों को कलर, पेन्टिग, वाटर कलर, वीट्स की माला बनाना, बन्धनवार बनाना, ग्रीटिंग कार्ड बनाना, मैक्रम के सामान बनाना, साफ्ट ट्वायज, पेन होल्डर, ज्वेलरी बनाना साथ ही साथ सिलाई कढ़ाई, विक बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। स्पीच ट्रेनर के माध्यम से बच्चों को बोलने का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। बच्चों को कम्प्यूटर टीचर द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण दी जाती है एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से भी प्रशिक्षण दी जाती है।















# [kydn ,o eukjtu

विद्यालय में छात्रों को खेलकूद की सुविधा उपलब्ध है। मनोरंजन हेतु टीवी, सीडी, साउंड बाक्स आदि एवं इंडोर गेम हेतु कैरम बोर्ड, लूडो, टेबलटेनिस, बोच्ची आदि आउट डोर गेम हेतु क्रिकेट, फुटबाल, बॉलीबाल, बास्केटबॉल, आदि खेंलों की व्यवस्था विद्यालय में है। अंशकालीन प्रशिक्षण द्वारा बच्चों को प्रतिदिन योगा, खेलकूद एवं पी.टी. करायी जाती है। बच्चों को खेल प्रशिक्षण कोच द्वारा मैदान में दिया जाता है एवं बच्चों को पिकनिक में ले जाया जाता है, बच्चों को पिकनिक में ले जाया जाता है एवं डांस प्रशिक्षण भी दिया जाता है।









# Hkou

यह विद्यालय किराये के भवन में संचालित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 3500 वर्गफीट है।

# चिकित्सीय व्यवस्था

संस्था छात्रों को चिकित्सीय व्यवस्था अंशकालीन चिकित्सीय द्वारा उपलब्ध कराते है। शिविरों के माध्यम से बच्चों की चिकित्सीय व्यवस्था की जाती है। इसके द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण स्कूल में ही किया जाता है। इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार अपने घर पर बच्चों की चिकित्सीय देख–रेख की जाती है।

# i s ; t y 0 ; oLFkk

संस्था में पेयजल हेतु वाटर कूलर एवं एक्वागार्ड की व्यवस्था की गई है। जिससे बच्चों को स्वच्छ जल दिया जा सके ।

# f t y s e s Ldn y l s ykHk

यह विद्यालय खुलने से जिले में मंद बुद्धि एवं मूक बधिर बच्चे के अभिभावक ही बच्चे को अपने ऊपर बोझ या समस्या का अनुंभव नही करेगे और उनमें जागरूकता आएगी बच्चों का सर्वागीण विकास एक ही स्थान पर होना सुनिश्चित हो जाएगा तथा इस संस्था से निकला हुआ बालक आत्मनिर्भर बनेगा एवं समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकेगा। साथ ही बच्चे व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ सकेगे।

# laLFkk dk s lq;ksx

विद्यालय को रीवा नगर एवं प्रदेश के सम्मााानित व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा तन, मन एवं धन से सहयोग देकर आगे बढ़ाने में काफी सराहनीय सहयोग रहा है। जिसमें प्रमुख निम्नलिखित हैः–

- हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पो. लि. (एच.पी.सी.एल.)।
- डॉ.एस.के. खनीजो।
- श्री मनीष सेठी, सेठी मेडिकल स्टोर।
- श्री गंगाधर अग्रवाल , ज्योति इलेक्ट्रिकल्स।
- डॉ.सी.बी.शुक्ला , पूर्व अधीक्षक संजय गांधी स्मृति अस्पताल रीवा।
- श्री राजेन्द्र शर्मा , शिल्पी कांस्ट्रेक्शन रीवा।
- श्री सुनील सिंह जी ,बद्रिका मोटर्स रीवा।
- कुँवर कपिध्वज सिंह जी , कोठीताला रीवा।

# foHkkxh; ekU;rk

- राष्ट्रीय न्यास नई दिल्ली।
- सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग।
- महिला एवं बॉल विकास जिला रीवा।
- जिला शिक्षा विभाग रीवा ( कक्षा नर्सरी से 8 तक )

# fo|ky; dh ixfr

स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय की स्थापना सन् 2000 में संस्थापक रामसेवक साहू जी द्वारा 3 बच्चों से की गई थी। निरंतर बच्चों में प्रगति एवं विद्यालय के वातावरण से लोगों का रूझान इस संस्था की ओर बढा। जिससे भोपाल इलाहाबाद एवं दिल्ली आदि में जो अभिभावकों के बच्चे पढ़ते थे, वे अपने बच्चों को लाकर यहाँ के वातावरण में भेज रहे है। विद्यालय में वर्तमान में लगभग 84 बच्चें अध्ययनरत हैं एवं प्रयास दिशा सेन्टर में अर्ली इंटर्वेन्शन के तहत 17 बच्चे पंजीकृत है।

## राष्ट्रीय न्यास की योजनाओं एवं शासन की योजनाओं का लाभ

संस्था विद्यालय व घर पर भी रहने वाले बच्चों का होम स्टॉफ एवं वलंटियर के माध्यम से उन बच्चों को स्वास्थ्य बीमा ,शासन के द्वारा संचालित पेंशन, छात्रवृत्ति इत्यादि योजनाओं का लाभ भी दिलानें का प्रयास करती है।

# lkLÑfrd xfrfof/k;k

बच्चों को वर्ष भर सांस्कृतिक गतिविधियॉ से परिचित कराया जाता है।

जैसे – दीपावली में दीपों की माला एवं रंगोली प्रतियोगिता करायी जाती है। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती, 14 नवंबर को बाल दिवस, 10 अक्टूबर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस, 3 दिसम्बर को विश्व विकलांग दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस आदि वर्ष में एक बार वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन संस्था द्वारा किया जाता है। जिसमें बच्चों के अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक भाग लेते है। बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट की प्रदर्शनी का आयोजन वर्ष में कम से कम दो बार किया जाता है।

## पालक प्रशिक्षण,परामर्श एवं बैठक

बच्चों के निःशक्तता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक महीने के दूसरे शनिवार को अभिभावक एवं शिक्षक की बैठक आयोजित की जाती हैं। जिससे अभिभावको की कठिनाई का निराकरण किया जाता हैं। साथ ही बच्चों की प्रगति के बारे में चर्चा की जाती है। बच्चों को दिए जाने वाले शिक्षण–प्रशिक्षण से अभिभावको एवं उनके परिवार के सदस्यों को अवगत कराकर उन्हें भी शामिल किया जाता है एवं बच्चों द्वारा सीखे गए कौशलों के इम्प्लीमेंटेशन का तरीका बताया जाता है। समय–समय पर अभिभावको को प्रशिक्षण दिया जाता है।

# e|nkuh dk;l

संस्था के स्टॉफ द्वारा मई–जून में सर्वे कार्य कराया जाता है। जिससे निःशक्त बच्चों के अभिभावको को जागरूक कर बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# l|LFkk dk lrr Á;kl

- संस्था में फिजियोथेरेपी एवं आक्यूपेशनल थेरेपी का प्रयोग किया जा रहा है।
- एस.ओ.बी. द्वारा होने वाले खेल प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता में संस्था के बच्चे निंरतर भाग ले रहे है।
- एस.ओ.बी. में बच्चों का रजिस्टेशन कराकर उसमें निरंतर भाग लिया जा रहा है।
- नई तकनीकी की जानकारी लेकर संस्था के बच्चों में उसका प्रयोग किया जाता है।

# उद्देश्य

- स्वास्थ्य – स्वास्थ्य शिक्षा , पुर्नवास।
- दूसरो की सेवा – निःशक्तजनों की सेवा।
- अंतर्राष्टीय सद्भावना – क्रीड़ा , खेलकूद , प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिता।

# ikjfHkd gLr{ki

- इसमें 0–10 वर्ष के शिशु वर्ग के बच्चे आते है।

# गृह आधारित प्रशिक्षण

- प्रशिक्षण एवं थेरेपी उपलब्ध कराना।
- अभिभावको को परामर्श एवं प्रशिक्षण देना।

# विशेष शिक्षा

- संज्ञानात्मक क्षमताओं का आंकलन , आरंभिक उत्प्रेरणा, प्रारंभिक शिक्षा एवं शिक्षा आदि।
- सामाजिक कौशलों का विकास एवं व्यावहारिक परिमार्जन हेतु प्रशिक्षण आदि।

# io व्यावसायिक प्रशिक्षण

- अनौपचारिक शिक्षा द्वारा भविष्य की तैयारी।
- सामाजिक एवं जीविका कौशल कार्यक्रम।
- व्यावसायिक कौशलों में दिया बनाना , सॉफ्ट ट्वायज , बाती बनाना, मोमबती बनाना आदि।
- खेलकूद और योगा आदि।

# व्यावसायिक प्रशिक्षण

- कलर, पेन्टिग, वाटर कलर, सॉफ्ट ट्वायज, वीट्स की माला बनाना, बन्धनवार बनाना, ग्रीटिंग कार्ड बनाना, मैक्रम के सामान बनाना, ज्वेलरी बनाना, कम्प्यूटर का प्रशिक्षण साथ ही साथ सिलाई, कढ़ाई विक बनाने का प्रशिक्षण आदि।

# प्रशिक्षण क्षेत्र

- व्यक्तिगत क्षेत्र
- सामाजिक क्षेत्र
- शैक्षणिक क्षेत्र
- रिक्रियेशनल क्षेत्र
- व्यावसायिक क्षेत्र

# प्रयास दिशा सेन्टर



















# miyfC/k;k

- रीवा जिले में मयास ( मिनिस्टी ऑफ यूथ अफेयर्स एण्ड स्पोर्टर्स )प्रोग्राम में कम्यूनिटी कोचेस प्रशिक्षण एवं निःशक्त बच्चों (मूक बधिर मानसिक मंद शारीरिक अक्षम नेत्रहीन ) के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ।
- राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता भोपाल में 02/04/11 को निःशक्त बच्चों एवं कोचेस की भागीदारी ।
- स्पेशल ओलम्पिक में डिप्लोमा के लिए कोयम्बटूर में प्रशिक्षण हेतु भागीदारी ।
- एथेंस में आयोजित स्पेशल ओलम्पिक के वर्ल्ड समर गेम में भाग लेने के लिए 06/06/11 को स्पेशल ओलम्पिक के लिए चयनित संस्था की निःशक्त बच्ची ( मानसिक मंद ) सीता साहू का एथेंस के लिए रवाना एवं उसके द्वारा 200 मी• दौड एवं 4X400 मी• रिले दौड़ में 2 कास्य पदक की प्राप्ति ।
- 20/10/11 से 01/11/11 तक चंडीगढ़ में आयोजित साफ्ट बाल प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया गया ।
- 15/10/11 से 21/10/11 तक राजस्थान ( खैरथल )में आयोजित नेशनल कोचिंग कैम्प में भागीदारी ।
- बरेली में बास्केट बॉल के प्रशिक्षण में भागीदारी ।
- 14 अप्रैल 2012 को यू एन सी आर पी टी कार्यशाला में आरूषि भोपाल में भाग लिया गया ।
- 23 अप्रैल 2012 को विज्ञान केन्द्र भोपाल में लोकल लेवल कमेटी की बैठक में भाग लेना ।
- 24 अपैल 2012 को आरूणिम प्रशिक्षण दिगदर्शिका भोपाल में भाग लिया
- टेलेट हंट में मंद बुद्धि बच्चे द्वारा स्टेट परफारमेंस एवं इनाम जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया ।
- भोपाल हाट बाजार में डांस प्रतियोगिता में भाग लेना ।
- नेशनल लेवल में मयास के द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों के द्वारा भाग लिया गया जो कि भोपाल में सम्पन्न हुई थी ।

- एन॰ सी॰ सी॰ आगरा में मंद बुद्धि बच्चों के द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों के द्वारा भाग लिया गया जो कि भोपाल में सम्पन्न हुई थी ।
- एन॰ सी॰ सी॰ आगरा में मंद बुद्धि बच्चों के द्वारा 17 फरवरी से 24 फरवरी 2013 तक सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में भाग लिया ।
- एथेंस में आयोजित स्पेशल ओलम्पिक के समर गेम में भाग लेने वाली कुमारी सीता साहू को माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा दिल्ली में सम्मानित किया गया जो कि दो कास्य पदक विजेता है ।
- वर्ष 2015 की स्पेशल ओलम्पिक की तैयारी हेतु आगरा में एथलेटिक्स में भाग लेना ।
- गंगा नगर राजस्थान में टेबिल टेनिस सम्मेलन ।
- रोहतक हरियाणा फुटबॉल व दौड़ एन सी सी कोचिंग कैम्प ओलम्पिक आदि ।
- भोपाल में स्टेट सम्मेलन हेतु बालिबाल एन •सी •सी •कोचिंग कैम्प ।
- विंध्य महोत्सव 2016 में बच्चों में बच्चों द्वारा डांस में भागीदारी ली गई और प्रथम स्थान प्राप्त किया गया ।
- विश्व विकलांग दिवस 3 दिसंबर 2015 में आयोजित हुए खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं प्रदर्शनी का आयोजन ।
- मार्च 2016 को वार्षिकोत्सव का आयोजन ।
- नवंबर 2015 एवं मार्च 2016 में वयस्क दिव्यागजनों द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट की प्रदर्शनी का आयोजन ।
- एस •ओ •बी॰ द्वारा आयोजित कार्यक्रमो में छात्रों की भागीदारी ।
- 2016 – 2017 में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस , बाल दिवस और त्यौहार आदि मनाया गया ।
- 2016 में सीता साहू को माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी द्वारा वुमन अवार्ड ( इंडिया टुडे द्वारा )दिया है ।

- 3 दिसंबर ( विश्व विकलांग दिवस )को होने वाले स्पोर्टस प्रोग्राम एवं कल्चरल प्रोंग्राम में छात्रों की भागीदारी लेकर कई मेडल एवं मेमेन्टों हासिल किए ।
- विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग जनों द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट की प्रदर्शिनी भी लगाई गई ।
- विंध्य महोत्सव 2017 में होने कल्चरल प्रोग्राम में होने वाले कल्चरल प्रोग्राम में छात्रों की भागीदारी एवं मेमेन्टों की प्राप्ति ।
- मयास द्वारा आयोजित दिव्यांगो की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने भागीदारी लेकर कई मेडल प्राप्त कर राज्य स्तरीय खेलकूद के लिए चयनित हुए ।
- राज्य स्तरीय खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन कर नेशनल चैम्पियनशिप के लिए चयनित हुए ।
- 4 अप्रैल 2018 में कोचेस टेंनिंग।
- 5एवं 6 अप्रैल 2018 को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ।
- जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने 10 गोल्ड, 14 सिल्वर , 10 कॉस्य पदक प्राप्त किये ।
- 21 अप्रैल 2018 से 24 अप्रैल 2018 तक भोपाल में आयोलित राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता द्वारा बच्चों द्वारा 2 गोल्ड, 6 रजत, 2 कॉस्य पदक प्राप्त किये ।
- अप्रैल 2018 को भोपाल में आयोलित राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर पर्यटन मंत्री माननीय तपन भैामिक जी द्वारा संस्था को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया ।
- 1 जुलाई 2018 को कल्पना चावला समिति के द्वारा आयोजित विंध्य प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में संस्था को सहयोगी सामाजिक संस्था का अवार्ड़ प्रदान किया गया ।

- 5 जुलाई 2018 से 9 जुलाई 2018 तक गॉधी नगर गुजरात में आयोजित नेशनल चेम्पियनशिप में विधालय के छात्रों ने गोल्ड, सिल्वर एवं कॉस्य पदक प्राप्त किये ।
- 3 दिसम्बर 2018 को विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमो में छात्रों ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त कर 16 पुरूस्कार प्राप्त किया ।
- 3 दिसम्बर 2018 को विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा संस्था को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया है।
- 15 अगस्त 2019 को कमिश्नर द्वारा रक्षाबन्धन सेलिब्रेशन हेतु बच्चों को आमंत्रित किया गया ।
- 3 दिसम्बर 2019 को विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमो में छात्रों ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त कर 12 पुरूस्कार प्राप्त किए ।
- 1 अक्टूबर वृद्धजन दिवस पर वृद्धों के मनोरंजन हेतु बच्चों को डांस परफॉमेन्स हेतु सामाजिक न्याय एवं निःशक्त जन कल्याण विभाग द्वारा आमंत्रित किया गया ।
- महाशिवरात्रि के भव्य आयोजन में बच्चों का ड़ांस परफॉर्मेंस हेतु आमंत्रित किया गया
- 15 अगस्त 2020 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों ने ऑनलाइन ड्राइंग कंपटीशन में भाग लेकर प्राइज प्राप्त किया।
- 23 नवंबर 2020 को बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ऑनलाइन कम्पटीशन के विनर्स ने प्राइज प्राप्त किया।
- 22 दिसंबर 2020 को विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ऑनलाइन डांस, ड्राइंग एवं रंगोली कम्पटीशन के विनर्स में प्राइज प्राप्त किया।
- 6 जनवरी 2021 को NIEPID द्वारा भेजे गए TLM KIT संस्था द्वारा छात्रों को प्राप्त हुआ।

- 12 फरवरी 2021 को जिला शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय दिव्यांग बच्चों के खेलकूद, ड्राइंग और डांस कंपटीशन में बच्चों ने भाग लेकर प्राइज प्राप्त किए।
- 23 मार्च 2021 को रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया के तत्वाधान में संस्था द्वारा एक दिवसीय अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन।
- 23 मार्च 2021 से 20 अप्रैल 2021 तक मध्य प्रदेश विकलांगता सहायता समिति द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऑनलाइन रंगारंग सांस्कृतिक एवं खेल उत्सव "उल्लास – 2021" में 5 छात्रों ने भाग लेकर ई–सर्टिफिकेट प्राप्त किया।
- 15 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ऑनलाइन डांस एवं ड्राइंग कम्पटीशन के विनर्स ने प्राइज प्राप्त किए।
- 14 सितंबर 2021 को NIEPID द्वारा भेजे गए TLM KIT संस्था द्वारा छात्रों को प्राप्त हुआ।
- 17 और 18 अक्टूबर 2021 को कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित "कला उत्सव" में छात्रों द्वारा बनाए गए हैंड मेड प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई।
- 3 दिसंबर 2021 को विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य पर सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलकूद एवं डांस कम्पटीशन में छात्रों ने भाग लेकर प्राइज प्राप्त किए।
- 7 दिसंबर 2021 को विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य पर जिला शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित डांस, खेलकूद, रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता में छात्रों ने भाग लेकर प्राइज प्राप्त किए।
- 24 जून 2022 को वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश रीवा द्वारा प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता जी के जन्मदिन के अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष माननीय रामसेवक साहू जी एवं प्राचार्या श्रीमती ऊषा साहू जी को उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों हेतु सम्मानित किया गया।

- 7 से 9 अक्टूबर 2022 को "कला उत्सव 2022" में संस्था द्वारा छात्र–छात्राओं द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगायी गयी।
- 5 नवंबर 2022 को 67वीं म.प्र. स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र. शासन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों द्वारा भाग लिया गया एवं संस्था को शील्ड प्रदान किया गया।
- 7 नवंबर 2022 को जिला प्रशासन द्वारा कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में म.प्र. राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर महोदय एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा छात्र–छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।
- 3 दिसंबर 2022 को विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद एवं रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेकर सर्टिफिकेट एवं प्राइज प्राप्त किए।
- 17 मार्च 2023 को कल्पना कल्याण समिति द्वारा डॉ. कल्पना चावला ली के 61वीं जयंती पर नारी शक्ति सम्मान समारोह में दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्राचार्या श्रीमती ऊषा साहू जी को सम्मानित किया गया।

# Year in picture



INTERNATIONAL YOGA DAY CELEBRATION



INDEPENDENCE DAY CELEBRATION



**RAKSHABANDHAN CELEBRATION**




**BIRTHDAY CELEBRATION**




**STUDENT GIVING DANCE PERFORMANCE ON KRISHNA JANMASHTAMI CELEBRATION**




**ON THE OCCASION OF 67TH MADHYA PRADESH STATE FOUNDATION DAY ,THE STUDENTS PARTICIPATED IN THE CULTURAL PROGRAM ORGANIZED BY SCHOOL EDUCATION DEPARTMENT, GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH AND GAVE A DANCE PERFORMANCE.**



**STUDENTS DRAWING ON THE OCCASION OF GANDHI JAYANTI**



**ON THE OCCASION OF CHILDREN'S DAY , REWA MP HONORABLE JANARDAN MISHRA JI , PRESENT AS THE CHIEF GUEST , GIVING TROPHY TO THE WINNING STUDENTS.**



**PRINCIPAL USHA SAHU JI GIVING INFORMATION TO REWA MP HONORABLE JANARDAN MISHRA JI, REWA COLLECTOR HONORABLE MANOJ PUSHP JI AND MAYOR HONORABLE AJAY MISHRA JI ABOUT THE PRODUCTS MADE BY DIVYANG STUDENTS IN THE EXHIBITION IN "KALA UTSAV 2022".**




**DENTAL CHECKUP CAMP**




**DURING THE DEPAWALI CELEBRATION, THE FOUNDER AND PRESIDENT OF THE ORGANIZATION MR. RAM SEVAK SAHU JI DISTRIBUTING SWEETS TO THE STUDENTS.**



**ON THE OCCASION OF NEW YEAR'S MEETING, DR. KK PARAUHA JI DISTRIBUTED WARM CLOTHES, FRUITS ETC TO ALL THE STUDENTS**




## STUDENTS PERFORMING DANCE ON THE OCCASION OF REPUBLIC DAY



## HOLI CELEBRATION



**AWARENESS PROGRAM ORGANIZED ON DOWN SYNDROME DAY**




**STUDENTS ENJOYING THE SWING WHILE VISITING THE FAIR**



## BAG DISTRIBUTION AT SCHOOL




## BIRTHDAY CELEBRATION



**VAISHYA MAHASAMMELAN MADHYA PRADESH REWA HONORED THE FOUNDER AND PRESIDENT OF THE ORGANIZATION SHRI RAM SEVAK SAHU JI FOR HIS EXCELLENT SOCIAL WORK.**



**PRINCIPAL USHA SAHU WAS HONORED FOR EXCELLENT SOCIAL WORK BY VAISH MAHASAMMELAN MADHYA PRADESH REWA.**

# *NEWS Report*

## निरामया योजना के तहत बांटे गए स्वास्थ्य कार्ड



स्टार समाचार | रीवा

शहर के लखौरी बाग स्थित स्नेह शिक्षण संस्थान द्वारा राष्ट्रीय न्यास के निरामया योजना के तहत निरामया हेल्थ कार्ड का वितरण कराया गया। इस दौरान अतिथियों के रूप में तहसीलदार जितेन्द्र तिवारी, सतीश सोनी, आरआर वर्मा, रामसेवक वर्मा मौजूद थे। बच्चों को हेल्थ कार्ड का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था द्वारा दिव्यांग जनों के हित को लेकर जो कार्य किए जा रहे हैं। वे प्रसंशनीय है। राष्ट्रीय न्यास की योजना के तहत दिव्यांग जनों के पुनर्वास एवं स्वास्थ्य के लिए आर्थिक मदद दी जाती है, जिसका लाभ लें। संस्था के पदाधिकरियों ने बताया कि यहां से शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं के साथ किसी भी मानसिक मंद, बहुविकलांक आदि के अंतर्गत आने वाले दिव्यांग जनों का कार्ड बनवाने में मदद व सहयोग करने की बात भी कही गई। इस अवसर पर स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## लखौरी बाग में सामूहिक योग अभ्यास

लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान में मंद बुद्धि व मूकबधिर विद्यालय में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू सहित आरआर वर्मा, संस्थान की प्राचार्य ऊषा साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं जबकि प्रशिक्षण भानु प्रताप, ऋचा श्रीवास्तव का रहा। योगाभ्यास में अभिभावकों ने भी भागीदारी निभाई।

# निरामया हेल्थ कार्ड का किया गया वितरण



## दिव्यांगों के उत्थान के लिए शुरू की गई योजना

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रीवा.** स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान द्वारा निरामया हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार जीतेन्द्र तिवारी रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व निगम अध्यक्ष सतीश सोनी, अध्यक्ष रामसेवक साहू एवं सदस्य आरआर वर्मा उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने निरामया हेल्थ कार्ड का पात्रों की वितरण किया। साथ ही संस्था द्वारा दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रसंशा की। वहीं राष्ट्रीय न्यास की योजना के तहत दिव्यांगजनों के पुर्नवास, स्वास्थ्य एवं आर्थिक विकास में सहयोग की बात कही। उन्होंने योजना का अभिभावकों से ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही। वहीं अध्यक्ष ने दिव्यांगजनों के हर प्रकार से सहयोग की बात कही। इस दौरान प्राचार्य ऊषा साहू ने योजना की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्टॉफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण मौजूद रहे।

# निरामया हेल्थ कार्ड का किया गया वितरण



रीवा। स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय न्यास के निरामया योजना के अंतर्गत बनने वाले निरामया हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार जीतेंद्र तिवारी, विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सतीश सोनी, समिति के सदस्य आर आर वर्मा एवं संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू उपस्थित रहे। निरामया हेल्थ कार्ड का वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने संस्था द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की गई और राष्ट्रीय न्यास की इस योजना के तहत दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं स्वास्थ्य हेतु आर्थिक रूप से बहुत बड़ा सहयोग होने की बात कही। उन्होंने अभिभावकों से इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही। संस्था अध्यक्ष रामसेवक साहू ने कहा कि संस्था द्वारा आगे भी शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं के साथ-साथ समुदाय के किसी भी मानसिक मंद, सेरेब्रल पाल्सी, बहुविकलांगता, आटिज्म के अंतर्गत आने वाले दिव्यांगजनों हेतु संस्था में संपर्क किए जाने पर उनका हेल्थ कार्ड बनवाने और इलाज के उपरांत क्लेम करने में सहयोग करने की बात कही। प्राचार्य ऊषा साहू द्वारा इस योजना की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्टॉफ छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# मूक बधिर विद्यालय में मनाया गया योग दिवस

रीवा। शहर के लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान के अंतर्गत स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में अंर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। आरआर वर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या श्रीमती ऊषा साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर भानु प्रताप, रिचा श्रीवास्तव, प्रवीण सहित अन्य स्टॉफ, छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# स्नेह शिक्षण संस्थान



लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान के अंतर्गत संचालित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में योग कराया गया। अध्यक्ष रामसेवक साहू ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने योग जरूरी है।

# दिव्यांग बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन



लखौरी बाग स्थित स्नेह शिक्षण व मानव सेवा संस्थान में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ रक्षाबंधन मनाया। छात्राओं ने सभी छात्रों को टीका लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान संस्था अध्यक्ष रामसेवक साहू, प्राचार्य उषा साहू, शुभांगी सोंधिया सहित कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# स्नेह के साथ मनाया रक्षाबंधन

सिटी रिपोर्टर. रीवा | रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में निःशक्त बच्चों के बीच पहुंचकर बहनों ने राखियां बांधी और बच्चों को स्वीट्स खिलाकर उन्हें अपनत्व की सौगात दी। लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण संस्थान एवं मानव सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संचालित स्नेह मंदबुद्धि एवं मूकबधिर विद्यालय सहित प्रयास दिशा सेन्टर के स्टूडेन्ट ने हंसी-खुशी के साथ उत्साहपूर्वक भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के प्रति रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू, विद्यालय की प्राचार्य ऊषा साहू, शुभांगी सोंधिया, ऋचा श्रीवास्तव, भानुप्रताप सिंह, देवेन्द्र साहू, प्रवीण साहू उपस्थित रहे।



स्नेह शिक्षण संस्थान में सेलीब्रेट किया रक्षाबंधन।

# स्नेह एवं मानव सेवा संस्थान

शहर के लखौरीबाग स्थित स्नेह एवं मानव सेवा संस्थान अंतर्गत संचालित स्नेह मंदबुद्धि एवं मूकबधिर विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण बतौर मुख्य अतिथि संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय के पूर्व अधीक्षक डॉ. सीबी शुक्ला ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय तिवारी, आरआर वर्मा उपस्थित रहे। अध्यक्षता संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू ने किया। इस अवसर पर बच्चों की ओर से आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में किया गया झण्डारोहण

जागरण,रीवा। लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानस सेवा संस्थन के अंतर्गत संचालित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर झण्डारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर संजय गांधी अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ सीबी शुक्ला,संजय तिवारी, आर आर वर्मा, भानू प्रताप सिंह, अशोक पटेल, शुभांगी सोंधिया, ऋचा श्रीवास्तव, सिद्धार्थ सिंह, प्रवीण साहू आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विद्यास्थली में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

विद्यास्थली हायर सेकण्ड्री स्कूल विवेकानंद नगर में भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## हावर्ड इन्टरनेशनल स्कूल में हुआ स्वतंत्रता दिवस समारोह



हावर्ड इन्टरनेशनल स्कूल शांति विहार कॉलोनी पड़रा रीवा में आजादी का-75 स्वतंत्रता दिवस समारोह अमृत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक आर.डी.शर्मा थे और विशिष्ट अतिथि के रूप में जन हित जन शक्ति समिति के अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी एडवोकेट रहे। कार्यक्रम अध्यक्षता स्कूल के डायरेक्टर श्रीपाल शर्मा एडवोकेट ने की।

# मूकबधिर विद्यालय में आयोजन



रीवा @ पत्रिका. आजादी के अमृत महोत्सव में शहर के लखौरीबाग स्थित मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पर मुख्य अतिथि संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय के पूर्व अधीक्षक डॉ. सीबी शुक्ला मौजूद रहे। कार्यक्रम में संजय तिवारी, आरआर वर्मा, रामसेवक साहू आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर खुशबू सिंह, स्वाति मिश्रा, करिश्मा विश्वकर्मा, जय विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा ने कार्यक्रम पेश किए।

# मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में कार्यक्रम



शहर के लखौरीबाग स्थित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर प्रभु श्रीकृष्ण की झांकी सजायी गई और पूजा अर्चना की गई। दिव्यांग छात्रों ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करती गीतों पर नृत्य किया। इस अवसर पर रामसेवक साहू, ऊषा साहू, भानू प्रताप सिंह, शुभांगी सोंधिया, अशोक पटेल, ऋचा श्रीवास्तव, प्रवीण साहू आदि उपस्थित रहे।

लखौरीबाग स्थित स्नेहमंद बुद्धि एवं मूकबधिर विद्यालय में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में ड्राइंग कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में काफी संख्या में दिव्यांग बच्चे शामिल हुए।

**गंगा वाटिका में मनाई जयंती** • समाजवादी पार्टी की ओर से गांधी जयंती का कार्यक्रम गंगा वाटिका में आयोजित किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने वहां झाड़ू लगाकर सफाई किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कमलेन्द्र पाण्डेय, प्रदेश सचिव एमडी खान के अलावा नत्थूलाल सेन, अशोक यादव, प्रमोद शुक्ला, मनोज नामदेव, नुरूल हसन खान आदि उपस्थित रहे।

## ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर



**रीवा @ पत्रिका.** लखौरी बाग स्थित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर स्थित में गांधी जयंती पर ड्राइंग स्पर्धा हुई। छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी, स्वच्छ भारत व तिरंगे पर ड्राइंग बनाई। 11 से 14 वर्ष की आयु वर्ग में प्रथम आफताब खान, द्वितीय अनुज विश्वकर्मा, 15 से 18 आयु वर्ग में प्रथम खुशबू, द्वितीय स्वाति, बालक वर्ग में प्रथम ऋषभ साहू, द्वितीय जय विश्वकर्मा, 18 से अधिक आयु वर्ग में प्रथम विवेक कुशवाहा एवं द्वितीय स्थान आशीष पांडेय ने प्राप्त किया। संस्था के अध्यक्ष रामसेवक साहू, प्राचार्य ऊषा साहू, रुचि पाठक, ऋचा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों के लिए हुई ड्राइंग प्रतियोगिता

रीवा। लखौरीबाग स्थित स्नेह मंदबुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में 2 अक्टूबर गांधी जंयती के उपलक्ष्य में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 11 से 14 आयु वर्ग में प्रथम स्थान आफताब खान तथा द्वितीय अनुज विश्वकर्मा, 15 से 18 वर्ष के आयु समूह की बालिका वर्ग में प्रथम स्थान ऋषभ साहू एवं द्वितीय स्थान स्वाती मिश्रा तथा बालक वर्ग में ऋषभ साहू प्रथम और द्वितीय स्थान आशीष पांडेय ने प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राम सेवक साहू, ऊषा साहू, रुचि पाठक, रिचा श्रीवास्तव, शुभांगी सोधिया, आरती वर्मा, भानू प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# स्नेह विद्यालय के दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

रीवा। लखौरीबाग स्थित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में वैश्व महासम्मेलन की जिला प्रभारी गायत्री गुप्ता द्वारा अपनी पोती ओजस्वी गुप्ता का जन्मदिन विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के साथ केक काटकर मनाया। सभी बच्चों को मिष्ठान एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित कर इन बच्चों के साथ अपनी खुशियों को साझा किया। इस अवसर पर बच्चे बहुत खुश हुए। कार्यक्रम में अनूप अवस्थी, अमर सिंह, विरेन्द्र आर्या, अर्चना श्रीवास्तव, राजेश्वरी वर्मा, रश्मि पुरवार, ओजस गुप्ता, गीता गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, रामसेवक साहू, प्राचार्या ऊषा साहू, रूचि पाठक, शुभांगी सोंधिया, मनीषा कुशवाहा, अशोक पटेल, प्रवीण साहू एवं सभी छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।



# दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**रीवा @ पत्रिका.** वैश्यमहासम्मेलन जिला इकाई की प्रभारी एव लायन गायत्री गुप्ता ने लखौरीबाग स्थित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में अपनी पोती ओजस्वी का जन्मदिन केक काटकर मनाया। इस दौरान मूक-बधिर छात्रों को कई सामग्री वितरित की गई, जिससे बच्चे खुश नजर आए। इस अवसर पर लायन अनूप अवस्थी, अमर सिंह, वीरेन्द्र आर्या, अर्चना श्रीवास्तव, राजेश्वरी वर्मा, रश्मि पुरवार, ओजस गुप्त, रामसेवक साहू, ऊषा साहू, रूचि पाठक, शुभांगी सोंधिया, मनीश कुशवाहा, अशोक पटेल आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों के साथ साझा की खुशियां

सिटी रिपोर्टर. रीवा | शहर के लखौरीबाग स्थित स्नेह मंदबुद्धि एवं मूकबधिर विद्यालय में वैश्य महासम्मेलन जिला महिला इकाई रीवा की जिला प्रभारी एवं लायन गायत्री गुप्ता ने अपनी पोती ओजस्वी गुप्ता का जन्मदिन विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के साथ केक काटकर मनाया। उनके द्वारा सभी बच्चों को मिष्ठान एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही इन बच्चों के साथ अपनी खुशियों को साझा किया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चे काफी प्रसन्न नजर आए। इस अवसर पर मुख्य रूप से लायन अनूप अवस्थी, अमर सिंह, वीरेन्द्र आर्या, अर्चना श्रीवास्तव, राजेश्वरी वर्मा, रश्मि पुरवार, ओजस गुप्ता, गीता गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, संस्था अध्यक्ष रामसेवक साहू, प्राचार्य ऊषा साहू, रुचि पाठक, शुभांगी सोधिया, मनीषा कुशवाहा, अशोक पटेल, प्रवीण साहू आदि सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्पेशल चिल्ड्रेन ने सेलिब्रेट किया लाइट फेस्टिवल

सिटी रिपोर्टर . रीवा

शहर में संचालित लखौरीबाग स्थित स्नेह मंदबुद्धि एवं मूकबधिर विद्यालय में दीपावली के उपलक्ष्य में दीप सज्जा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्पेशल स्टूडेन्ट्स ने अपने हाथों से रंग-रोगन किए गए दीपकों की बड़ी खूबसूरत सज्जा हर्षोल्लास से की। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष रामसेवक सहित सुनीता पाण्डेय, प्राचार्य ऊषा व ऋचा, रुचि, शुभांगी, आरती, भानु प्रताप, अशोक, प्रवीण व बड़ी संख्या में स्टूडेन्ट्स उपस्थित रहे। सभी बच्चों को लाइट फेस्टिवल विश करते हुए फुलझड़ी जलाकर आनंद का अनुभव कराया गया व सभी को स्वीट्स बांटे गए। कार्यक्रम को बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ सेलिब्रेट करते हुए बधाई दी है।

# दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

रीवा। शहर के लखौरीबाग स्थित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में वैश्य महासम्मेलन जिला महिला इकाई की रीवा जिला प्रभारी एवं लॉयन गायत्री गुप्ता द्वारा अपनी पोती ओजस्वी गुप्ता का जन्मदिन विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के साथ केक काटकर मनाया गया। इनक द्वारा सभी बच्चों को मिष्ठान एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लॉयन अनूप अवस्थी, लॉयन अमर सिंह, वीरेन्द्र आर्या, अर्चना श्रीवास्तव, राजेश्वरी वर्मा, रश्मि पुरवार, ओजस गुप्ता गीता गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, संस्था के संस्थापक रामसेवक साहू, प्राचार्य उषा साहू, रुचि पाठक, शुभांगी सोंधिया आदि सैकड़ों छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं।

# दिव्यांग बच्चों ने मनाया चाचा नेहरू का जन्मदिन



लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान द्वारा संचालित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, विशिष्ट अतिथि डॉ. सी.बी. शुक्ला, डॉ. के. के. परौहा, मुरली नागपाल, प्रेम बजाज, सुशील तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक रामसेवक साहू ने किया। इस अवसर पर खेलकूद, रंगोली प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने अपने कर कमलों द्वारा विजेता दिव्यांग छात्र-छात्राओं को सील्ड देकर उनका उत्साहवर्धन किया एवं सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वेटर ,फल एवं बिस्किट आदि प्रदान किया गया। साथ ही सांसद ने अपने उद्बोधन में दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने की सलाह दी एवं इस कार्य में आवश्यकता पड़ने पर सहयोग करने की बात कही। आभार प्राचार्य उषा साहू ने व्यक्त किया। इस अवसर पर भानू प्रताप सिंह, रूचि पाठक, रिचा श्रीवास्तव, सिद्धार्थ सिंह, अशोक पटेल, शुभांगी सोंधिया, आरती वर्मा, महेन्द्र साहू, मनीष प्रजापति, प्रवीण साहू सहित अन्य स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# सांसद जनार्दन ने मूक बधिर बच्चों के बीच मनाया चाचा नेहरू का जन्मदिन

■ प्रतिभाशाली बच्चों को किया गया पुरूस्कृत

■ रीवा, (नव स्वदेश)।

लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवंमानव सेवा संस्थान द्वारा संचालित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में बड़े ही धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, विंशिष्ट अतिथि डा. सीबी शुक्ला, डा. केके परौहा, मुरली नागपाल, प्रेम बजाज, सुशील तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू ने किया। बाल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं



सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद ने विजेता दिव्यांग छात्र-छात्राओं को सील्ड देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही सांसद द्वारा अपने उद्बोधन में दिव्यांग बच्चों के साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने की सलाह दी एवं इस कार्य में आवश्यकता पड़ने पर सहयोग करने की बात कही। आभार प्रदर्शन प्राचार्य उषा साहू ने किया।

इस अवसर पर प्राचार्या उषा साहू, भानू प्रताप सिंह, रूचि पाठक, रिचा श्रीवास्तव, सिद्धार्थ सिंह, अशोक पटेल, शुभांगी सोंधिया, आरती वर्मा, महेन्द्र साहू, मनीष प्रजापति, प्रवीण साहू सहित अन्य स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों ने दी प्रस्तुति

लखौरी बाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान द्वारा संचालित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में सांसद जनार्दन मिश्र के मुख्य आतिथ्य में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसजीएमएच के पूर्व संचालक डा.सीबी शुक्ला, डा.केके परौहा, मुरली नागपाल, प्रेम बजाज एवं सुशील तिवारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामसेवक साहू ने की। इस अवसर पर विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुई। आभार प्रदर्शन प्राचार्य उषा साहू ने किया।

# दिव्यांग बच्चों ने चाचा नेहरू का मनाया जन्मदिन



**रीवा @ पत्रिका.** लखौरी बाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्था के दिव्यांग बच्चों ने चाचा नेहरू का जन्मदिन मनाया। इस दौरान खेलकूद, रंगोली प्रतियोगिता के साथ सांकृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं दिव्यांग छात्रों को कपड़े, फल एवं बिस्किट का वितरण किया गया। सांसद जर्नादन मिश्रा, डॉ. सीबी शुक्ला, डॉ. केके परौहा, मुरली नागपाल, प्रेम बजाज, सुशील तिवारी, रामसेवक साहू, ऊषा साहू, भानू प्रताप सिंह, रुचि पाठक शिक्षक छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

# सांसद जनार्दन ने मूक बधिर बच्चों के बीच चाचा नेहरू का जन्मदिन



**रीवा देशबन्धु।** लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान द्वारा संचालित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में बड़े ही धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, विशिष्ट अतिथि डा. सीबी शुक्ला, डा. केके परौहा, मुरली नागपाल, प्रेम बजाज, सुशील तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू ने किया। बाल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद ने विजेता दिव्यांग छात्र-छात्राओं को सील्ड देकर उनका उत्साहवर्धन किया गयों दिव्यांग बच्चों के साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने की सलाह दी एवं इस कार्य में आवश्यकता पड़ने पर सहयोग करने की बात कही। आभार प्रदर्शन प्राचार्य उषा साहू ने किया। इस अवसर पर प्राचार्या उषा साहू, भानू प्रताप सिंह, रूचि पाठक, रिचा श्रीवास्तव, सिद्धार्थ सिंह, अशोक पटेल, शुभांगी सोंधिया, आरती वर्मा, महेन्द्र साहू, मनीष प्रजापति, प्रवीण साहू सहित अन्य स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

**अंतरराष्ट्रीय विकलांगता दिवस आज** : दिव्यांग बच्चों के लिए समर्पित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान

# एक कमरे में दो दिव्यांग बच्चों से की थी शुरुआत, 100 का संवारा भविष्य

पत्रिका एहसास



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रीवा.** जिले के दिव्यांग बच्चों के भविष्य को संवारने का जज्बा लेकर स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान ने वर्ष 2000 में स्नेह मंदबुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय की शुरुआत की थी। संस्था ने एक कमरे में दो दिव्यांग बच्चों से इसकी शुरुआत की और अब तक 100 से अधिक दिव्यांग बच्चों का भविष्य संवारने का काम किया है। अभी भी 83 बच्चों के पढ़ाई एवं प्रशिक्षण का कार्य चल रहा है।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष रामसेवक साहू ने बताया कि शुरुआती दौर में दिव्यांगता के क्षेत्र में जागरूकता नहीं होने से लोगों के घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक कर मंद बुद्धि, मूक बधिर एवं अन्य प्रकार के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा व प्रशिक्षण के लिए भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्हें समझाया गया कि दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। उसके उपरांत अभिभावकों ने विश्वास के साथ अपने बच्चों को शिक्षा प्रशिक्षण के लिए भेजना शुरू किया। विद्यालय का पहला बच्चा प्रशांत अग्रवाल जो कि सीवियर मानसिक मंद बच्चा था परंतु उसने विद्यालय में लगभग 18 वर्ष बिताया जो कि सेल्फ केयर के साथ अपने सहपाठियों का भी केयर करने लगा था। इतनी ही नहीं वह अपनी आवश्यकता और समस्या को आसानी से बता पाता था।

## अभी तक 100 बच्चे हो चुके प्रशिक्षित

संचालक ने बताया कि वर्तमान में 83 दिव्यांग बच्चों को शिक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभी तक में लगभग 100 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त चुके हैं। जिसमें से कुछ मूक-बधिर छात्र आठवीं पास कर आगे की पढ़ाई के लिए अन्य विद्यालय में एडमिशन ले चुके हैं और कुछ मानसिक मंद दिव्यांग छात्र शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कर व्यवसाय से जुड़ें हैं। वहीं कुछ छात्र जो कि सीवियर मानसिक मंद दिव्यांग छात्र थे जिन्हें स्वयं की देखभाल के कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान कर सेल्फ डिपेंड बनाया गया।

## दिव्यांग छात्रा ने जीता ने दो कांस्य पदक

विद्यालय की मानसिक मंद दिव्यांग छात्रा सीता साहू 2011 के स्पेशल ओलंपिक के वर्ल्ड समर गेम में 100 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर रिले रेस में भाग लेकर 2 कांस्य पदक प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया। श्रेयश विश्वकर्मा ने साइकिलिंग में नेशनल चैंपियनशिप में भाग लिया एवं प्रकाश प्रजापति ने भी तैराकी के नेशनल चैंपियनशिप में भाग लिया। यहां के दिव्यांग बच्चे स्पेशल ओलंपिक, राज्य एवं नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेकर कई मेडल प्राप्त किए।

## स्वयं के संसाधनों से की शुरुआत

साहू के अनुसार उन्होंने स्वयं के संसाधनों से एक कमरे में दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षित करने की शुरुआत की थी। बाद में बच्चों की संख्या बढ़ने पर लोगों से सहयोग लिया और अब प्रतिवर्ष सरकार से अनुदान मिल जाता है। हालांकि पिछले वर्ष का अनुदान नहीं मिला है, लेकिन संस्था द्वारा नि:शुल्क शिक्षा प्रशिक्षण जन सहयोग से संचालित किया जा रहा है।



सन 1995 में मैंने दिव्यांगता के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त किया उसके पश्चात मैंने देखा कि दिव्यांगता के क्षेत्र में रीवा में शिक्षण प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है और अशासकीय संस्था कार्य भी नहीं कर रही है, जिससे उनको समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। तब मैंने दिव्यांगता के क्षेत्र में जागरुकता एवं उनके शिक्षण प्रशिक्षण का कार्य शुरू किया।

**रामसेवक साहू,** संचालक स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान रीवा

# डेन्टल चेकअप कैम्प



रीवा। लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण संस्थान में डेन्टल चेकअप कैम्प लगाया गया। जिसमें स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय एवं प्रयास दिशा सेन्टर के छात्रों का चेकअप किया गया। संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय के डॉ. अमित साहू द्वारा सभी छात्रों का डेन्टल चेकअप किया गया। साथ ही अभिभावकों को बच्चो की दांतों की समस्या से अवगत कराया गया और दांतों की साफ-सफाई एवं देखभाल के तरीके बताए गए। बसंत कुमार अग्रवाल एवं सी.ए. शिवम अग्रवाल द्वारा सभी छात्रों को ब्रश-टूथपेस्ट एवं खाद्य सामग्री वितरित किया गया। इस अवसर पर रामसेवक, श्रीमती ऊषा साहू, रूचि पाठक, रिचा श्रीवास्तव, भानू प्रताप सिंह, प्रवीण साहू, अशोक पटेल, सिद्धार्थ सिंह सहित के स्टॉफगण अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मंद बुद्धि एवं मूक बधिर बच्चों का हुआ डेंटल चेकअप

रीवा। शहर के लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव संस्थान में डेंटल चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय एवं प्रयास दिशा सेंटर के छात्रों का डेंटल चेकअप चिकित्सकों द्वारा किया गया। एसजीएम के डॉ. अमित साहू ने बच्चों का दंत परीक्षण कर अभिभावकों को बच्चों की दांती की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान दांतो की साफ-सफाई एवं देखभाल के तरीके भी बताए गए। कैम्प में बसंत कुमार अग्रवार और शिवम ने छात्रों को ब्रश-टूथपेस्ट एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस दौरान संस्था के रामसेव साहू, ऊषा साहू, रुचि पाठक, रिचा श्रीवास्तव, भानू प्रताप सिंह सहित स्टाफ, छात्र-छात्राए और अभिभावक उपस्थित रहे।

## स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान में लगाया गया डेन्टल चेकअप कैंप

रीवा (नव स्वदेश)। लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान में डेन्टल चेकअप कैम्प लगाया। संस्था के प्राचार्या ऊषा साहू ने बताया कि कैंप मे स्नेह मंद बुद्धि एवं मुक बधिर विद्यायल एवं प्रयास दिशा संटर के छात्रों का डेन्टल चेकअप किया गया। संजय गांधी समृति चिकित्सालय के डा. अमित साहू द्वारा सभी छात्रों का चेकअप किया गया साथ ही अभिभावकों को बच्चों की दांतो की समस्या से अवगत कराया गया और दांतो की साफ-सफाई एवं देखभाल हेतु तरीके बताये गये। बसंत कुमार अग्रवाल एवं शिवम अग्रवाल द्वारा सभी छात्रों को ब्रश टूथपेस्ट एवं खाद्य सामग्री वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्था क संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू, प्राचार्या ऊषा साहू, रूचि पाठक, रिचा श्रीवास्तव, भानू प्रताप सिंह, प्रवीण साहू, अशोक पटेल, सिद्दार्थ सिंह, सहित अन्य स्टॉफगण, अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों ने मनाया नववर्ष मिलन

रीवा। लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान अंतर्गत संचालित स्नेह मंदबुद्धि एवं मूकबधिर विद्यालय में नववर्ष मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. केके परौहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा सतीष शुक्ला, वेदव्यास वाजपेयी, अजय तिवारी, आरपी पाठक, लकी तिवारी, रावेन्द्र सोनी ने भी अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर शुभांगी सोधिया, ऋचा श्रीवास्तव, अशोक पटेल, भानु प्रताप सिंह, प्रवीण साहू, मनीष कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया नववर्ष

रीवा। लखौरी बाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान के अंतर्गत संचालित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में समाज सेवी एवं डॉ. के.के परोहा ने बच्चों के साथ नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया। उनके साथ सतीश शुक्ला, वेदव्यास बाजपेयी, अजय तिवारी, आरपी पाठक, लकी तिवारी, राजेन्द्र सोनी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। बच्चों के साथ समय बिताकर सभी ने खुशी जाहिर की। डॉ. के. के परोहा द्वारा सभी दिव्यांग छात्र छात्राओं को गर्म कपड़े, फल एवं मिष्ठान आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष माननीय राम सेवक साहू ने अपने उद्बोधन में सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ऊषा साहू द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू, प्राचार्य ऊषा साहू, शुभांगी सोंधिया, ऋचा श्रीवास्तव, अशोक पटेल, भानु प्रताप सिंह, प्रवीण साहू, मनीषा कुशवाहा एवं सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

# स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान में हुआ ध्वजारोहण



रीवा देशबन्धु। लखौरी बाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान के अंतर्गत संचा लित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय प्रांगण में ध्वजा रोहण कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमजीत सिंह डंक, विशिष्ट अतिथि बसंत कुमार अग्रवाल, आर. आर. वर्मा, बंशी लाल साहू, जी.पी. विश्वकर्मा एवं रवीन्द्र डिगवानी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष राम सेवक साहू ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों में बड़ी हीं मनमोहक डांस प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या ऊषा साहू ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान, फल एवं स्नैक्स वितरित किया गया। इस अवसर पर सभी स्टॉफ गण अभिभावक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्नेह मूक बधिर विद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

रीवा (नव स्वदेश)। लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान के अंतर्गत संचालित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमजीत सिंह डंक, विशिष्ट अतिथि बसंत कुमार अग्रवाल, आर.आर. वर्मा, बंशी लाल साहू, जी.पी. विश्वकर्मा एवं रवीन्द्र डिगवानी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष राम सेवक साहू ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्र में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों में बड़ी ही मनमोहक डांस प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या ऊषा साहू ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान, फल एवं स्नैक्स वितरित किया गया।

# मूक बधिर विद्यालय के बच्चों ने मनाया होली महोत्सव

रीवा( नव स्वदेश )। लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान के अंतर्गत संचालित दिशा सेन्टर एवं स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में बौद्धिक एवं मूक बधिर दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होली महोत्सव मनाया। बच्चों ने इस अवसर पर एक-दूसरे के गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। साथ ही होली के गीतों पर डांस प्रस्तुति दी।संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और ईश्वर से प्रार्थनां की कि यह त्यौहार सभी के लिए खुशियॉ लाए और सभी उल्लास और खुशी के साथ त्यौहार मनाए । कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या ऊषा साहू, भानु प्रताप सिंह, रुचि पाठक रिचा श्रीवास्तव, आरती वर्मा, प्रवीण साहू सहित अन्य सभी स्टाफगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्नेह शिक्षण संस्थान में होली महोत्सव



रीवा @ पत्रिका. स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान निराला नगर में होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें प्रमुख रूप से स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय के छात्रों ने हिस्ससा लिया। बच्चों ने इस दौरान एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और हाली गीतों पर नृत्य किया। संस्था के अध्यक्ष रामसेवक साहू सभी को हाली की शुभकामनाएं दी और मिष्ठान का वितरण किया गया। इस मौके पर प्राचार्य ऊषा साहू, भानु प्रताप सिंह, रुचि पाठक, रिचा श्रीवास्तव, आरती वर्मा, प्रवीण साहू सहित शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

# होली गीतों की आकर्षक प्रस्तुति

लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान अन्तर्गत संचालित दिशा सेंटर स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में बौद्धिक एवं मूक बधिर दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ होली मिलन समारोह मनाया। इस दौरान बच्चों ने एक-दूसरे के गुलाल लगाकर होली खेली। साथ ही होली गीतों की आकर्षक प्रस्तुति दी। इस दौरान संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू ने सभी बच्चों के बीच त्योहार मनाया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य उषा साहू, भानूप्रताप सिंह, रुचि पाठक, ऋचा श्रीवास्तव, आरती वर्मा, प्रवीण साहू आदि उपस्थित रहे।

# स्नेह शिक्षण संस्थान में दी गयी डाउन सिंड्रोम के लक्षण एवं कारणों की जानकारी

**रीवा देशबन्धु।** लखौरीबाना स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान द्वारा वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम डे के अवसर पर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गाया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस. जी. एम. एच. के पूर्व



संचालक डॉ. सी. बी. शुक्ला, विशिष्ट अतिथि डॉ. लोकेश अग्रहरि, बी.जे.पी. रीवा के जिला मंत्री शरद साहू, डॉ सरोज सोनी, रंजन गुप्ता, जी.पी. विश्वकर्मा एवं अमित गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू ने किया। डॉ लोकेश अग्रहरि द्वारा डाउन सिंड्रोम के लक्षण एवं कारणों पर प्रकाश डाला गया। डॉ. सी. बी. शुक्ला एवं डॉ. सरोज सोनी द्वारा डाउन सिंड्रोम के बच्चों का शीघ्र पहचान कर शीघ्र हस्तक्षेप करने के बारे में जागरुक किया । कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या ऊषा साहू द्वारा किया गया। छात्रों द्वारा डांस प्रस्तुति एवं गायन के माध्यम से अपने योग्यता का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर शुभांगी सौंधिया, भानू प्रताप सिंह, रिचा श्रीवास्तव, हर्ष पाठक, अशोक पटेल, सिद्धार्थ सिंह, आरती वर्मा सहित अन्य सभी स्टाफ , अभिभावक समुदाय के लोग एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

# स्नेह विद्यालय के दिव्यांग छात्रों ने किया मेले का भ्रमण



**रीवा देशबन्धु।** लखौरीबाग स्थित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय के दिव्यांग छात्र- छात्राओं ने रीवा जिले के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल रानी तालाब के किनारे स्थित कालिका मंदिर में सद्भाव बढ़ाने वाले धार्मिक महत्व रखने वाले नवरात्रि के पावन पर्व पर-आयोजित मेले का भ्रमण किया। बच्चों ने मंदिर में दर्शन किया और मेला प्रांगण का भ्रमण किया ।-मेले का दृश्य बच्चों का मनोरंजन एवं उत्साह बढ़ाने वाला रहा । मेले में बच्चों के लिए विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र वहां पर लगे विभिन्न प्रकार के झूले रहे । जिसमें बच्चों ने झूलकर झूलने का पूर्ण आनंद उठाया । इस दौरान अजर बिहारी यादव एवं महेश पाण्डे एम.पी. पुलिस के सहयोग से सभी बच्चों ने सुरक्षित रूप से मंदिर एवं मेले का भ्रमण किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू, प्राचार्या ऊषा साहू , रुचि पाठक, भानू प्रताप सिंह,रिचा श्रीवास्तव , आरती वर्मा ,मनीषा कुशवाहा सहित अन्य स्टाफगण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।